**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद चन्दौली**

**प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक-11.08.2026**

**साइबर ठगी में प्रयुक्त 100 से अधिक म्यूल अकाउंट के नेटवर्क का खुलासा**

🔰 **थाना अलीनगर पुलिस व साइबर टीम द्वारा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी में लिप्त 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

🔰 **साइबर अपराध व म्यूल खातों के संचालन में संलिप्त 02 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

🔰 **16 राज्यों तक फैला नेटवर्क — वर्तमान में चिन्हित 17 म्यूल अकाउंट के विरुद्ध NCRP पर 76 साइबर फ्रॉड शिकायतें, लगभग ₹29 लाख की ठगी रिपोर्ट**

🔰 **गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 08 बैंक खाता विवरण दस्तावेज, 05 पासबुक, 01 चेकबुक, 06 डेबिट कार्ड, 06 सिम कार्ड, 02 कूटरचित आधार कार्ड, 03 स्मार्ट मोबाइल फोन व ₹650/- नगद बरामद।**

🔰 **गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बरामद 08 बैंक खाता विवरण दस्तावेज, 05 पासबुक व 01 चेकबुक के अवलोकन व एनसीआरपी पोर्टल से मिलान पर कुल 7,20,725 रूपयें के साइबर फ्राड़ का विवरण प्राप्त हुआ है।**

🔰 **पूर्व में दिनाँक 10.08.2026 को थाना चन्दौली पुलिस व साइबर टीम द्वारा ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी में लिप्त 03 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 पासबुक, 03 कूटरचित आधार कार्ड व 01 VIVO कम्पनी स्मार्टफोन किया गया था बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

जनपद चन्दौली में ऑनलाइन साइबर अपराध व म्यूल (Mule) खातों के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अलीनगर व साइबर सेल चन्दौली की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 10.08.2026 को साइबर सेल व अलीनगर पुलिस टीम म्यूल खातों व साइबर फ्रॉड से संबंधित संदिग्धों की तलाश में चकिया तिराहे के पास मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ऑनलाइन साइबर फ्रॉड की ठगी राशि मंगाने व बैंक खातों का अवैध लेन-देन करने वाले गिरोह के सदस्य वीआईपी गेट मुगलसराय के पास (डीआरएम ऑफिस के पास) मौजूद हैं और भागने की फिराक में हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस व साइबर टीम द्वारा दबिश देकर मौके से 02 अभियुक्तों को समय 21:52 बजे गिरफ्तार किया गया।

उक्त प्रकरण के संबंध में थाना अलीनगर पर मु०अ०सं० 0496/2026, धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 339, 3(5) बी.एन.एस. (BNS) एवं धारा 66D आई.टी. एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान व बरामदगी-**

**1- नीतीश कुमार पुत्र कृष्णदेव प्रसाद, निवासी ग्राम मीर चक, थाना वारिस अलीगंज, जनपद नवादा, राज्य बिहार (उम्र करीब 30 वर्ष)।**

बरामदगी: 02 स्मार्ट मोबाइल फोन (Vivo व Apple), 08 बैंक खाता विवरण दस्तावेज, ₹400/- नगद, 01 कूटरचित आधार कार्ड।

खाता एवं NCRP विवरण:

बरामद दस्तावेजों के अवलोकन व NCRP पोर्टल से मिलान पर पाया गया कि इंडियन ओवरसीज बैंक (खाता सं० 384201000001573), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (खाता सं० 611502010023152), इंडियन ओवरसीज बैंक (खाता सं० 070901000035697), बैंक ऑफ बड़ौदा (खाता सं० 27818100018602) तथा इंडियन ओवरसीज बैंक (खाता सं० 384201000001639) का प्रयोग ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात व चंडीगढ़ जैसे राज्यों में लोन फ्रॉड, डिलीवरी फ्रॉड व यूपीआई धोखाधड़ी के माध्यम से लाखों रुपये की साइबर ठगी की धनराशि प्राप्त करने में किया गया। इस प्रकार नीतीश कुमार के पास से बरामद कुल 08 बैंक खाता विवरण दस्तावेज अवलोकन व NCRP पोर्टल से मिलान पर कुल 3,97,477 रूपये के साइबर फ्राड़ का विवरण पाया गया है।

आधार कार्ड धांधली:

बरामद आधार कार्ड पर फोटो नीतीश कुमार की लगी है, परंतु नाम 'अरुण सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह, निवासी दुल्हीपुर मुगलसराय, चन्दौली' अंकित है।

**2- अमन शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा, निवासी सकलडीहा कोट, थाना सकलडीहा, जनपद चन्दौली (उम्र करीब 27 वर्ष)।**

**बरामदगी:**

01 Redmi स्मार्ट मोबाइल फोन, 05 पासबुक, 01 चेकबुक (बैंक ऑफ महाराष्ट्र), 06 डेबिट कार्ड, 06 सिम कार्ड (05 Airtel व 01 Jio), ₹250/- नगद तथा 01 कूटरचित आधार कार्ड।

खाता एवं NCRP विवरण:

इसके उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (खाता सं० 84340100005106) का NCRP पोर्टल से मिलान करने पर गाजीपुर (यूपी), तमिलनाडु व कर्नाटक में दर्ज लोन फ्रॉड, फ्रेंचाइजी फ्रॉड व यूपीआई फ्रॉड की कुल 08 शिकायतों (लगभग ₹2.52 लाख की ठगी) से संबंध पाया गया। इसके अलावा इंडियन बैंक (खाता सं० 8077989212) एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र (खाता सं० 60577137963) भी विभिन्न साइबर शिकायतों में प्रयुक्त पाए गए हैं। इस प्रकार अमन शर्मा के पास से बरामद कुल 05 बैंक खाता विवरण व चेक बुक दस्तावेज अवलोकन व NCRP पोर्टल से मिलान पर कुल 3,23,248 रूपये के साइबर फ्राड़ का विवरण पाया गया है।

आधार कार्ड धांधली:

बरामद आधार कार्ड पर फोटो अमन शर्मा की लगी है, परंतु नाम 'नित्यानंद सिंह पुत्र कृष्णदेव बहादुर सिंह, निवासी नई बस्ती मुगलसराय, चन्दौली' अंकित है।

**पूछताछ विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे पहचान छिपाने व पुलिस से बचने के उद्देश्य से स्थानीय पते के कूटरचित (एडिटेड) आधार कार्ड का इस्तेमाल करते थे।

अभियुक्त अमन शर्मा क्षेत्र में घूम-घूमकर भोले-भाले लोगों तथा स्वयं के नाम से विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाता था और उनके पासबुक, चेकबुक, डेबिट कार्ड व सिम कार्ड एकत्र करता था। नीतीश कुमार इन खातों व बैंकिंग सामग्री को अमन शर्मा से प्राप्त कर बिहार (नवादा) निवासी सोनू सिंह पुत्र अज्ञात

(निवासी ग्राम बलियारी, थाना वारिस अलीगंज, जनपद नवादा, बिहार) को उपलब्ध कराता था, जहाँ से इस देशव्यापी साइबर ठगी के नेटवर्क को संचालित किया जाता था।

**पूर्व की घटना-**

यह गिरोह विभिन्न राज्यों के नागरिकों को बजाज फाइनेंस के नाम पर लोन दिलाने, Meesho डिलीवरी पार्सल भुगतान, फेसबुक विज्ञापनों, पार्ट-टाइम जॉब व निवेश का झांसा देकर देशव्यापी स्तर पर ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी कर रहा था। बरामद किए गए म्यूल खातों में अब तक तमिलनाडु, गुजरात, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश सहित देश भर की दर्जनों NCRP शिकायतों की ठगी राशि का लेन-देन पाया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता:**

1. नीतीश कुमार पुत्र कृष्णदेव प्रसाद, निवासी ग्राम मीर चक, थाना वारिस अलीगंज, जनपद नवादा, राज्य बिहार (उम्र करीब 30 वर्ष)।

2. अमन शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा, निवासी सकलडीहा कोट, थाना सकलडीहा, जनपद चन्दौली (उम्र करीब 27 वर्ष)।

(नोट: गिरोह के अन्य सह-अभियुक्त सोनू सिंह निवासी बिहार की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।)

**पंजीकृत अभियोग:**

मु0अ0सं0: 0496/2026 धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 339, 3(5) BNS एवं धारा 66D IT Act, थाना अलीनगर, जनपद चन्दौली।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:-**

1.नि0 गगनराज सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अलीनगर जनपद चन्दौली।

2.उ0नि0 अभिषेक शुक्ला- साइबर सेल, जनपद चन्दौली

3.उ0नि0 राजीव मल्ल- व्हीकल सीजर प्रकोष्ठ जनपद चन्दौली

4.उ0नि0 अमित सिंह - सह प्रभारी, साइबर हेल्प डेस्क, थाना अलीनगर

5.हे0का0 पवन कुमार यादव – साइबर सेल, जनपद चन्दौली

6.का0 संतोष यादव साइबर सेल जनपद चन्दौली।

7.का0 अनिल प्रजापति साइबर सेल जनपद चन्दौली।

8.का0 अली अहमद – साइबर हेल्प डेस्क थाना अलीनगर, जनपद चन्दौली

9.का0 गणेश तिवारी सर्विलांस सेल जनपद चन्दौली।